|b09291 56arnolF (English)

|c09291_000_56arnol.xml (Task 179333)

|v1

रविवार का दोपहर सत्र

|v2

जनरल सम्मेलन

|v3

रविवार का दोपहर सत्र

|v4

3 अक्टूबर 2010

|v5

तुमने मेरे नाम के साथ क्या किया है ?

|v6

आज्ञाकारिता

|v7

आज्ञाएं

|v8

यीशु मसीह

|v9

जनरल सम्मेलन

|v10

तुमने मेरे नाम के साथ क्या किया है ?

|v11

एल्डर मरवीन बी. आरनॉल्ड

|v12

सत्तर के

|v13

एक दिन हममें से हर एक को अपने उद्धारकर्ता, यीशु मसीह को हिसाब देना होगा कि हमने उसके नाम के साथ क्या किया है ।

|v14

जब अध्यक्ष जार्ज एलबर्ट स्मिथ युवा थे, उनके मृत दादा जार्ज ए. स्मिथ उन्हें सपने में दिखे और पूछा, ''मैं जानना चाहता हूं कि तुमने मेरे नाम के साथ क्या किया है ।'' अध्यक्ष स्मिथ ने जवाब दिया, ''मैंने कभी भी ऐसा कोई काम नहीं किया है जिससे आपके नाम की बदनामी हो ।'' 1

|v15

प्रत्येक सप्ताह जब हम प्रभुभोज में भाग लेते हैं, हम अनुबन्ध और वादा करते हैं कि हम अपने ऊपर मसीह का नाम धारण करके, हमेशा उसे याद रखने, और उसकी आज्ञाओं का पालन करने के इच्छुक हैं । अगर हम ऐसा करने के इच्छुक होते हैं, हमसे उस शानदार आशीष का वादा किया जाता है---कि उसकी आत्मा सदा हमारे साथ रहेगी ।2

|v16

ठीक वैसे जैसे अध्यक्ष जार्ज एलबर्ट स्मिथ को अपने दादा को हिसाब देना था कि उन्होंने उनके नाम के साथ क्या किया था, एक दिन हममें से हर एक को अपने उद्धारकर्ता, यीशु मसीह को हिसाब देना होगा कि हमने उसके नाम के साथ क्या किया है ।

|v17

नीतिवचन में अच्छा नाम होने के महत्व के बारे में कहा गया है, जहां हम पढ़ते हैंः ''बड़े धन से अच्छा नाम अधिक चाहने योग्य है, और सोने-चांदी से औरों की प्रसन्नता उत्तम है''3 और ''धर्मी को स्मरण करके लोग आशीर्वाद देते हैं ।''4

|v18

जब मैंने इन धर्मशास्त्रों और अच्छा नाम होने के महत्व पर मनन किया, अच्छे नाम और मेरे माता-पिता ने विरासत में जो उन्होंने मेरे चार भाइयों, मेरी दो बहनों, और मेरे लिए छोड़ी थी उसकी यादों की बाढ़ मेरे मन आई । मेरे माता-पिता के पास दुनिया की धन-सम्पत्ति नहीं थी, न ही उनके पास चांदी या सोना था । हम नौ लोग दो कमरों में, एक गुसलखाने वाले घर में रहते थे जिसके पीछे बन्द बरामदा था जिसमें मेरी बहनें सोती थीं । जब मेरे माता-पिता की मृत्यु हुई, मेरे भाइयों और बहनों और मैं उनकी संसारिक सम्पत्ति के बंटवारे के लिए एकत्रित हुए, जो कि संख्या में बहुत कम थी । मेरी मां ने कुछ पोशाकें, कुछ इस्तेमाल किया हुआ फर्नीचर, और अन्य व्यक्तिगत वस्तुएं छोड़ी थी । मेरे पिता ने कुछ बढ़ई के औजार, कुछ पुरानी शिका

र की बन्दूकें, और थोड़ा बहुत अन्य समान था । आर्थिक महत्व का केवल एक साधारण घर और बैंक में थोड़ा बहुत पैसा था ।

|v19

हम एक साथ खुलकर रोए, धन्यवाद देते हुए, हम यह जानते थे कि उन्होंने हमारे लिए कुछ ऐसा छोड़ा था जिसका मूल्य चांदी या सोने से बहुत अधिक था । उन्होंने हमें उनका प्यार और समय दिया था । वे अक्सर सुसमाचार की सच्चाई की गवाही देते थे, जो अब हम उनकी बेशकीमती दैनिकी में पढ़ सकते थे । शब्दों से अधिक उन्होंने अपने उदाहरणों से हमें कड़ी मेहनत करना, ईमानदार होना, और पूरा दसमांश देना सीखाया था । उन्होंने हमारे भीतर उच्च शिक्षा पाने, मिशन पर सेवा करने, और सबसे महत्वपूर्ण, अनन्त साथी पाने, मन्दिर में विवाह करने, और अन्त तक विश्वासी बने रहने की इच्छा को उत्पन्न किया था । उन्होंने वास्तव में अच्छे नाम की विरासत हमारे लिए छोड़ी थी, जिसके लिए हम सदा एहसानमंद रहेंगे ।

|v20

जब प्रिय भविष्यवक्ता इलामन और उसकी पत्नी दो बेटों से आशीषित हुए थे, उन्होंने उनका नाम लेही और नफी रखा था । इलामन ने अपने दोनों बेटों को बताया था क्यों उनका नाम उनके दो पूर्वजों पर रखा गया था जो कि उनके जन्म से लगभग छह सौ साल पहले पृथ्वी पर रहते थे । उसने कहा थाः

|v21

‘‘सुनो, मेरे बेटों, … मैंने तुम्हें अपने उन पूवर्जो के नाम [लेही और नफी] दिए … ; और मैंने ऐसा इसलिए किया कि जिससे तुम जब अपना नाम स्मरण करोगे … तुम *उनके कामों को भी याद करोगे और जब तुम उनके कामों को याद करोगे तुम यह जानोगे कि कैसे वे अच्छे कहलाए और लिखे गए* ।

|v22

‘‘इसलिए, मेरे बेटों, मैं चाहता हूं कि तुम वही करो जो उचित है, *जिससे कि तुम भी उन्हीं की तरह कहलाओ और लिखे जाओ ।*

|v23

‘‘ … जिससे कि तुम्हें उस बहुमूल्य अनन्त जीवन का उपहार मिले ।’’ 5

|v24

भाइयों और बहनों, छह सौ सालों में, हमारे नामों को कैसे याद किया जाएगा ?

|v25

हम कैसे मसीह का नाम अपने ऊपर धारण कर सकते हैं, और कैसे अपने अच्छे नाम को सुरक्षित रखना है, पर बोलते हुए, मरोनी ने सीखाया थाः

|v26

‘‘और फिर मैं तुम्हें सावधान करना चाहता हूं कि तुम *मसीहा के पास आओ और हर एक अच्छे उपहार को ले लो और बुरे उपहारों को और अशुद्ध वस्तुओं को छुओ भी नहीं* । …

|v27

''हां *मसीहा के पास आओ* और उसमें पूर्ण विश्वास करो, और जितनी बातें ईश्वर के प्रतिकूल हैं उन सबको त्यागो ।'' 6

|v28

युवा के बल के लिए की प्रेरणादायक पुस्तिका में, हम पढ़ते हैं कि स्वतंत्रता परमेश्वर की देन है, एक अनन्त नियम जिसके साथ चुनाव के अनुसार उचित जिम्मेदारियां होती हैं । ''जबकि [हम] [अपने] चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं, [हम] [अपने] कामों के परिणामों का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं । जब [हम] चुनाव करते हैं, [हम] उस चुनाव के परिणाम मिलते हैं ।''7

|v29

मेरी प्रिय, डीवोना, और मेरी शादी के तुरन्त बाद, उसने एक कहानी मेरे साथ बांटी कि कैसे उसने अपनी युवास्था में इस सिद्धान्त को सीखा था कि हम चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन अपने कामों के परिणाम चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं । अपनी बेटी शैली की मदद से, मैं बहन आरनॉल्ड के अनुभव को बताना चाहूँगाः

|v30

''जब मैं 15 वर्ष की थी, मैं अक्सर महसूस करती थी कि बहुत सारे नियम और आज्ञाएं हैं । मुझे नहीं लगता था कि एक सामान्य, इतने अधिक बन्धनों के होते हुए मौज-मस्ती करने वाली किशोरी जीवन का आनन्द ले सकती थी । इसके अलावा, अपने पिता के खलिहान में अधिकत्तर समय काम करने के कारण मुझे अपने मित्रों के साथ मिलने का समय नहीं मिल पाता था ।

|v31

''इस विशेष गर्मी में, मेरा एक काम यह था कि मैं पहाड़ के चारागाह में चरने वाली गायों को बाड़े तोड़कर गेहूं के खेत में जाने से रोकूं । बढ़ते हुए गेहूं के पौधों को खाने से गाय का पेट फूल सकता है, जिससे उसको घुटन हो सकती है और वह मर सकती है । एक विशेष गाय हमेशा अपना सिर बाड़े के पार निकालने की कोशिश करती थी । एक सुबह, जब मैं घोड़े पर सवार हो कर जानवरों को देखते हुए बाड़े के किनारे चल रही थी, मैंने पाया कि वह गाय ने बाड़े को तोड़कर गेहूं के खेत में घुस गयी थी । मेरी परेशानी बड़ गयी जब मुझे पता चला कि वह काफी देर से गेहूं खा रही थी क्योंकि उसका पेट बहुत फूल चुका था और गुब्बारे की तरह लग रहा था । मैंने सोचा, 'बेवकूफ गाय ! इस बाड़े को तुम्हें बचाने के लिए लगाया गया था, फिर भी तुमने इसे तोड़ दिया और तुमने इतना गेहूं खा लिया है कि तुम्हारा जीवन खतरे में है ।'

|v32

''मैं भाग कर खलिहान में अपने पिता को लेने गई । हलांकि, जब हम वापस आए, मैंने पाया कि वह जमीन पर मरी पड़ी थी । मुझे उस गाय के चले जाने का दुख था । हमने उसे चरने के लिए सुन्दर पहाड़ी का चारागाह दिया था और खतरनाक गेहूं से उसे बचाने के लिए बाड़ा लगाया था, फिर भी मूर्खता से वह बाड़े को तोड़कर अन्दर गई और अपनी मृत्यु का कारण बनी ।

|v33

''जब मैंने बाड़े की भूमिका के बारे में सोचा, मैंने महसूस किया कि वह सुरक्षा के लिए थी, ठीक उसी तरह जैसे आज्ञाएं और मेरे माता-पिता के नियम सुरक्षा के लिए थे । आज्ञाएं और नियम मेरे अपने फायदे के लिए थे । मैंने महसूस किया कि आज्ञाओं का पालन करना मुझे शारीरिक और आत्मिक मृत्यु से बचा सकते हैं । यह ज्ञान मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण सबक था ।''

|v34

बहन आरनॉल्ड ने सीखा था कि हमारे दयालु, समझदार, और प्रिय स्वर्गीय पिता ने आज्ञाएं हमें सीमित करने के लिए नहीं दी हैं, जैसा शैतान चाहता है कि हम विश्वास करें, अपितु हमारे जीवन को आशीष देने और हमारे अच्छे नाम और विरासत को आने वाली पीढ़ी के लिए बचाने के लिए दिये हैं---जैसा कि उन्हें लेही और नफी के लिए थे । ठीक वैसे जैसे उस गाय को अपने चुनाव का परिणाम भुगतना पड़ा था, हम में से प्रत्येक को सीखना चाहिए बाड़े के उस तरफ की घास कभी अधिक हरी नहीं हो सकती है--- न ही यह कभी होगी, क्योंकि ''दुष्टता कभी भी आनन्ददायी नहीं हुई है ।'' 8 हम में से प्रत्येक को अपने चुनावों के परिणाम मिलेंगे जब यह जीवन समाप्त हो जाएगा । आज्ञाएं स्पष्ट हैं, ये बचाने के लिए हैं---ये सीमित करने के लिए नहीं---और आज्ञाकारिता की शानदार आशीषें अनगिनत हैं !

|v35

हमारे स्वर्गीय पिता को पता था कि हम सब गलती करेंगे । मैं प्रायश्चित के लिए बहुत आभारी हूं, जिससे हम सभों को प्रयाश्चित करने, जरूरी बदलाव करने का मौका मिलता है ताकि हम फिर से अपने उद्धारकर्ता के हो सकें, और क्षमा की मधुर शान्ति को महसूस कर सकें ।

|v36

हमारा उद्धारकर्ता हमें प्रतिदिन के आधार पर अपने नामों को स्वच्छ करने और उसकी उपस्थिति में वापस जाने का निमंत्रण देता है । उसका प्रोत्साहन प्रेम और कोमलता से भरपूर है । मेरे साथ उद्धारकर्ता के आलिंगन की कल्पना करें जब मैं उसके शब्दों को पढ़ता हूं:''क्या अब तुम मेरी ओर लौटोगे, और पश्चाताप कर मन परिवर्तन करोगे, जिससे कि मैं तुम्हें रोग मुक्त कर सकूं ?''9

|v37

आज मैं उसी चुनौती को आप सभों को देना चाहूंगा कि जो मेरे माता-पिता, जिन्हें उनके अच्छे नामों के लिए हमेशा याद किया जाएगा, ने मुझे दी थी । अपना कोई भी काम करने से पहले, उद्धारकर्ता को अपने साथ खड़े हुए देखें और अपने आप से पूछें, ''क्या मैं इसे सोचूं, क्या मैं इसे कहूं, या क्या मैं इसे करूं यह जानते हुए कि वह वहां खड़ा है ?'' क्योंकि वह वास्तव में वहां है । हमारे प्रिय अध्यक्ष थॉमस एस. मॉनसन, जिन्हें मैं एक भविष्यवक्ता प्रमाणित करता हूं, अक्सर धर्मशास्त्र की ये आयत बोलते हैं जब वह हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता के विषय में बोलते हैंः ''मैं तुम्हारे साथ चलूंगा । मैं तुम्हारे दायीं ओर और बायीं ओर रहूंगा, और मेरी आत्मा तुम्हारे हृदय में रहेगी ।''10

|v38

उस महिमापूर्ण दिन जब हम अपने प्रिय उद्धारकर्ता के सामने खड़े होकर उसे बताएंगे कि हमने उसके नाम के साथ क्या किया, काश हम कह सकेंः '' मैं अच्छी लड़ाई लड़ चुका हूं, मैंने अपनी दौड़ पूरी कर ली है, मैंने विश्वास की रखवाली की है ।''11
''मैंने तेरे नाम का आदर किया है ।'' मैं गवाही देता हूं यीशु ही मसीह है । वह इसलिए मरा ताकि हम जीवन पा सकें । यीशु मसीह के नाम में, आमीन ।

|v39

विवरण

|v40

1.

|v41

Presidents of the Church Student Manual (Church Educational System manual, 2003), 134 ।

|v42

2.

|v43

देखें सिद्धान्त और अनुबन्ध 20:77।

|v44

3.

|v45

नीतिवचन 22:1 ।

|v46

4.

|v47

नीतिवचन 10:7 ।

|v48

5.

|v49

इलामन 5:6—8; महत्व जोड़ा गया है ।

|v50

6.

|v51

मरोनी 10:30, 32; महत्व जोड़ा गया है ।

|v52

7.

|v53

For the Strength of Youth (booklet, 2001), 4 ।

|v54

8.

|v55

अलमा 41:10 ।

|v56

9.

|v57

3 नफी 9:13 ।

|v58

10.

|v59

सिद्धान्त और अनुबन्ध 84:88 ।

|v60

11.

|v61

2 तीमुथियुस 4:7 ।

|v62

लियाहोना

|v63

नवंबर 2010